हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 37.9 डिग्री से.
न्यूनतम 19.7 डिग्री से.

12 गांधी जयंती पर मेगा स्वच्छता अभियान का आगाज...



12 प्रति एकड़ धान की सीमा को बढ़ाए राज्य सरकार



खबर संक्षेप

दुकान से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

लाडवा। अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा की टीम ने फ्रूट की दुकान से नकदी चोरी करने के आरोपी ईस्तखार निवासी गीता कॉलोनी, लाडवा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की 29,200 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, 29 सितंबर को दीपक कुमार ने शिकायत दी थी कि इन्द्री चौक स्थित उसकी फ्रूट की दुकान से दोपहर करीब दो बजे अज्ञात व्यक्ति गल्ले से 60 से 70 हजार रुपये निकालकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की नकदी बरामद कर ली।

बुक डिपो में बच्ची से अश्लील हरकत, केस

यमुनानगर। शहर के मॉडल टाउन स्थित रोशन बुक डिपो में 13 वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, एक अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे बच्ची बुक डिपो गई थी। आरोप है कि वहां एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे अपने पास बैठाकर अश्लील हरकत की। घटना की जानकारी बच्ची ने परिजनों को दी, जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर बलजीत कौर को सौंपी गई है।

किशोरी से छेड़छाड़, दो युवकों पर केस दर्ज

यमुनानगर। शहर की एक कॉलोनी में 15 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ और मोबाइल पर अश्लील फोटो-वीडियो भेजने का मामला सामने आया है। किशोरी के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि सागर और रूपेश काफी समय से उसकी बेटी को परेशान कर रहे थे और छेड़छाड़ करते थे। आरोप है कि दोनों ने किशोरी का मोबाइल नंबर हासिल कर उस पर आपत्तिजनक सामग्री भेजनी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे धमकी दी। परेशान किशोरी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई।

ट्रांसपोर्टर हत्याकांड में मां-बेटा गिरफ्तार

यमुनानगर। मॉडल टाउन में तीन सितंबर को ट्रांसपोर्टर हरभजन सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने सुनीता देवी और उसके बेटे रुशील को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार दोनों ने हत्या के लिए इस्तेमाल होने वाले असलाह की खरीद के लिए शूटर को रुपये उपलब्ध कराए थे। जांच में सामने आया कि सुनीता के दूसरे बेटे के गैंगस्टर नोनी राणा से संपर्क थे और उसके कहने पर शूटर को रकम दी गई। पुलिस अब रकम के स्रोत और शूटर तक पहुंचाने के तरीके की जांच कर रही है। मामले में पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब तक सात आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि मुख्य शूटरों की तलाश जारी है। दोनों शूटरों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

हाइटेंशन तार की चपेट में आने से बच्चा झुलसा

पानीपत। काबड़ी रोड स्थित कुलदीप नगर में छत पर खेल रहा सात वर्षीय प्रिंस हाइटेंशन तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद पड़ोसी आयुष, वसीम, अफसर, अमन, लक्की, चेतन और मोंटू ने बच्चे को जिला नागरिक अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सिविल अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि करंट से झुलसने के बाद अस्पताल लाया गया।

लाडवा मंडी पहुंचे सीएम सैनी, धान खरीद व्यवस्था का लिया जायजा

मंडी में किसानों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

खरीदे गए धान का समय पर उठान सुनिश्चित करें अधिकारी



लाडवा। अनाज मंडी में धान खरीद व्यवस्था का जायजा लेते मुख्यमंत्री नायब सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को लाडवा अनाज मंडी का दौरा कर धान की सरकारी खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में धान की खरीद, उठान तथा किसानों को पेश आ रही समस्याओं के संबंध में किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने किसानों और व्यापारियों से धान की खरीद के दौरान आ रही दिक्कतों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। किसानों ने खरीद प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को धान की बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और खरीद प्रक्रिया को सुचारू एवं पारदर्शी तरीके से संचालित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से धान की आवक, खरीद की स्थिति और मंडी में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं तथा खरीदे गए धान का उठान भी समय पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि मंडी में अनावश्यक भीड़ की स्थिति न बने।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रतिनिधि कैलाश सैनी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, मार्केट कमेटी लाडवा के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश दत्त वॉइस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, भाजपा लाडवा मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, बाबैन मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा जालखेड़ी, गुड़ा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र देव खेड़ा, नगर पालिका प्रधान साक्षी खुराना सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता के अलावा धान की सरकारी खरीद कर रही एजेंसियों के अधिकारी, किसान, आढ़ती और व्यापारी भी उपस्थित रहे।

कृषि मंत्री ने धान खरीद का जायजा लिया

किसान और आढ़तियों को न आए कोई दिक्कत: कृषि मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर समस्याओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया सुचारू व पारदर्शी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में पेयजल, साफ-सफाई, खरीद, उठान और भुगतान की व्यवस्था बेहतर रखने को कहा। मार्केट कमेटी सचिव अखिलेश कुमार ने बताया कि मंडी में अब तक 1,12,851 क्विंटल धान की आवक हुई है, जिसमें से 38,945 क्विंटल की खरीद हो चुकी है। धान 2,461 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी पर खरीदी जा रही है।



नारायणगढ़। अधिकारियों से बातचीत करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

पत्नी के साथ अनबन से परेशान था युवक

अनाज मंडी में दुकान के अंदर युवक ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रादौर अनाज मंडी में दुकान के अंदर एक 30 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलते ही थाना रादौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान रूपेश पुत्र दामोदर यादव निवासी नौलखी, जिला पूर्णिया, बिहार के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रूपेश अनाज मंडी स्थित दुकान नंबर 78 में रहता और काम करता था। शुक्रवार सुबह दुकान में उसका शव फंदे से लटका मिला। दुकान सुनील कुमार निवासी वीआईपी कॉलोनी रादौर की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदार भी मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रूपेश शराब का सेवन करता था। उसकी पत्नी के साथ भी अनबन चल रही थी और वह उसे छोड़कर चली गई थी। इसके बाद से वह परेशान रहने की बात सामने आई है। हालांकि, युवक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका वास्तविक कारण पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं और लोगों से भी जानकारी ली।

रादौर मार्ग पर गांव दामला के पास हादसा

तेज रफ्तार ट्रक ने एक्टिवा को मारी टक्कर, छात्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर-रादौर मार्ग पर गांव दामला के पास तेज रफ्तार ट्रक ने एक्टिवा को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक्टिवा सवार 17 वर्षीय छात्र की मौत हो गई, जबकि उसकी 20 वर्षीय बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। गांव गोलनपुर निवासी उदय सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन काजल एमएलएन कॉलेज यमुनानगर में बीए फाइनल की छात्रा है। उसके चाचा कर्मचंद के 17 वर्षीय बेटे सूर्य प्रताप की 12वीं कक्षा में पढ़ाई चल रही थी। एक अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे काजल और सूर्य प्रताप पड़ोसी की एक्टिवा पर सवार होकर रादौर जा रहे थे। उदय सिंह भी बाइक से उनके पीछे चल रहा था। करीब सवा 11 बजे जब वे सरकारी स्कूल दामला से कुछ आगे पहुंचे तो पीछे से यमुनानगर की तरफ से तेज रफ्तार ट्रक आया। आरोप है कि चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए एक्टिवा को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही काजल और सूर्य प्रताप सड़क पर गिर गए। ट्रक सूर्य प्रताप के ऊपर से निकल गया, जबकि काजल के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके पर रुक गया, लेकिन बाद में ट्रक छोड़कर फरार हो गया। दोनों घायलों को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। परिजन सूर्य प्रताप और काजल को एमएम अस्पताल मुलाना ले गए। वहां इलाज के दौरान सूर्य प्रताप की मौत हो गई, जबकि काजल को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया।

चलती ट्रेन में फिसला यात्री आरपीएफ जवान ने बचाई जान

अंबाला छावनी स्टेशन पर अमृपाली एक्सप्रेस के रवाना होने के दौरान हादसा

- ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसने से पहले कांस्टेबल विजय सिंह ने यात्री को खींचा
- पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर बीते रोज हादसा टल गया। प्लेटफॉर्म नंबर-3 से अमृतसर जंक्शन से बिहार के कटिहार जंक्शन तक जाने वाली अमृपाली एक्सप्रेस रवाना हो रही थी। इसी दौरान एक यात्री ने चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की। संतुलन बिगड़ने से वह प्लेटफॉर्म पर गिर गया और ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच फंसने की स्थिति बन गई। यात्री को गिरते देख प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी कर रहे आरपीएफ कांस्टेबल विजय सिंह तुरंत उसकी ओर दौड़े। उन्होंने अपनी सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए यात्री को ट्रेन की चपेट में आने से पहले खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जवान के अनुसार गाड़ी संख्या 15708 अमृपाली एक्सप्रेस करीब 1:02 बजे प्लेटफॉर्म नंबर-3 से रवाना हो रही थी। कांस्टेबल विजय सिंह उस समय कार्यालय ड्यूटी पर थे। वह इसी ट्रेन में ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे यात्री पर पड़ी। यात्री के ट्रेन की चपेट में आने की आशंका को देखते हुए विजय सिंह ने बिना समय गंवाए उसे पकड़ लिया। उन्होंने यात्री को ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच से खींचकर बाहर निकाला। इससे उसकी जान बच गई।





कुरुक्षेत्र: वार्ड 16 की पार्षद गुरप्रीत कौर भाजपा में शामिल

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र नगर परिषद के वार्ड नंबर 16 की पार्षद गुरप्रीत कौर ने भाजपा का दामन थाम लिया। रतगल गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उनके साथ कई अन्य लोगों ने भी भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत किया और कहा कि पार्टी की नीतियों एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को और मजबूत किया जा रहा है।

अंबाला: कंपनी के बाहर खड़ी बाइक डेढ़ मिनट में ही चोरी

लॉक तोड़कर आरोपी ने अंजाम दी वारदात, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के नन्हेड़ा में एक कंपनी के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। बाइक चोरी की पूरी वारदात कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। फुटेज में संदिग्ध महज करीब डेढ़ मिनट में बाइक का लॉक तोड़कर उसे लेकर फरार होता दिखाई दे रहा है। बाइक मालिक ने मामले की शिकायत पड़ाव थाना पुलिस को दी है। बाइक मालिक सूर्य प्रताप ने बताया कि वह अंबाला छावनी के नल्हेड़ा स्थित एक कंपनी में काम करता है। यह फार्मेसी से जुड़ी कंपनी है। 1 अक्तूबर को वह सुबह करीब 9:37 बजे बाइक से कंपनी पहुंचा था। उसने अपनी बाइक कंपनी के बाहर खड़ी की और ऑफिस में काम करने चला गया। सूर्य के मुताबिक शाम करीब 6:30 बजे जब वह ऑफिस से बाहर आया तो उसे बाइक गायब थी। इसके बाद उन्होंने कंपनी में लगे कैमरों की फुटेज चेक कराई। फुटेज देखने पर बाइक चोरी करने वाला साफ नजर आया। फुटेज के मुताबिक 1 अक्तूबर की सुबह 10:51 बजे एक युवक कंपनी की तरफ आता दिखाई देता है। उसने ऑरेंज रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। इसके बाद दूसरे कैमरे में युवक कंपनी के बाहर खड़ी बाइकों की तरफ जाता नजर आता है। फुटेज में आरोपी बाइक के पास पहुंचकर उसका लॉक तोड़ने की कोशिश करता दिखाई देता है। करीब 1 मिनट 30 सेकंड तक वह बाइक का लॉक तोड़ने में लगा रहता है। इसके बाद करीब 10:53 बजे वह बाइक लेकर मौके से फरार हो जाता है। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की माने तो आरोपी को जल्द ही काबू कर लिया जाएगा।



शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शतरंज और फुटबॉल प्रतियोगिताओं का किया उद्घाटन

37वें अखिल भारतीय खेलकूद समारोह का आगाज, 11 प्रांतों के 660 खिलाड़ी शतरंज और फुटबॉल में दिखाएंगे दमखम

अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज मनोज कुमार ने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से आयोजित 37वें अखिल भारतीय खेलकूद समारोह-2026 का शुक्रवार को श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में भव्य शुभारंभ हुआ। समारोह में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने दीप प्रज्ज्वलित कर शतरंज एवं फुटबॉल प्रतियोगिताओं का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य वक्ता विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय नड्डा ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के साथ खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों के पंचकोशीय विकास पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में सफलता, अनुशासन और आत्मविश्वास की भावना विकसित करते हैं। खिलाड़ियों को जीत को सिर पर और हार को दिल पर नहीं चढ़ाना चाहिए। उन्होंने देशभक्ति, भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और पानी-बिजली की बचत का संदेश भी दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने का आह्वान किया। अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज मनोज कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय खिलाड़ी जब तिरंगा लहराते हैं तो पूरे देश का गौरव बढ़ता है। उन्होंने खिलाड़ियों से मौसम और परिस्थितियों की परवाह किए बिना निरंतर अभ्यास करने, आलस्य त्यागने और अनुशासन में रहने का आह्वान किया।





कुरुक्षेत्र। शतरंज प्रतियोगिता में दमखम दिखाते प्रतिभागी एवं छात्राओं को सम्मानित करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

प्रतियोगिता पांच अक्टूबर तक चलेगी

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की धरती से खेलों का संदेश पूरे देश में जाएगा। खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा खेलों का हब बनकर उभरा है और प्रदेश की खेल नीति से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अर्जुन जैसी एकाग्रता के साथ निरंतर अभ्यास करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में 11 प्रांतों से 276 छात्र-छात्राएं शतरंज और 384 खिलाड़ी फुटबॉल में भाग ले रहे हैं। 45 निर्णायक, 90 आचार्य और 10 अधिकारी सहयोग कर रहे हैं। प्रतियोगिता पांच अक्टूबर तक चलेगी। विद्या भारती के उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा, राजेश गोयल, उत्तर क्षेत्र खेल संयोजक मलखान सिंह, डॉ. प्रीतम सिंह, संजय कौशिक विद्यालय अध्यक्ष मोहिन्द्र पाल सिंगला, प्रबंधक वीरेंद्र वालिया, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी, निदेशक अनिल कुलश्रेष्ठ, प्राचार्य अनिल मदान सहित आचार्यगण और विद्यार्थी मौजूद रहे।

राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर ढांडा का पलटवार

कुरुक्षेत्र। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पहले यह स्पष्ट किया जाए कि किस चुनाव में और किस तरह वोट चोरी हुई। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम को लेकर आपत्ति होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत दावा और आपत्ति दर्ज कराने का प्रावधान है। ढांडा शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित अखिल भारतीय खेलकूद समारोह में पहुंचे थे। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को दावे-आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर दिया गया। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मई 2026 में इसकी वैधता बरकरार रखी थी और संबंधित मतदाताओं के लिए आपत्ति व अपील की प्रक्रिया भी बताई थी।

फेसबुक पर ड्राई फ्रूट्स के नाम पर बुजुर्ग महिला से 1.67 लाख की ठगी

पानीपत। गीता कॉलोनी की रहने वाली 64 वर्षीय बुजुर्ग महिला व्यापारी उर्मिला रानी साइबर ठगी का शिकार हो गई। फेसबुक पर बादाम और मखाने के सस्ते विज्ञापन को देखकर उन्होंने ऑर्डर किया था। पीड़िता ने साइबर थाने में दी शिकायत में बताया कि 24 सितंबर को उन्होंने विज्ञापन में दिए नंबर पर व्हाट्सएप से संपर्क कर 1100 रुपये एडवांस भेजे। इसके बाद ठगों ने उन्हें लिंक और स्कैनर भेजा। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया उनके खाते से 1 लाख 67 हजार रुपये उड़ गए। साइबर क्राइम पुलिस ने मामला दर्ज कर बैंक खातों को फ्रीज कराने और आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

- साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर बैंक खाते फ्रीज कराने की कार्रवाई शुरू की

गोगा माड़ी मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने चढ़ाए निशान

मेले में दंगल का हुआ आयोजन, कई प्रदेशों के पहलवानों ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। गोगा माड़ी मेले में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



रादौर। गोगा माड़ी मेले में दंगल में जोर आजमाते पहलवान। फोटो : हरिभूमि

प्राचीन एवं एतिहासिक गोगा माड़ी रादौर में चल रहे मेले में शुक्रवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की और निशान चढ़ाए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मेले में दुकानों पर जमकर खरीददारी की।

गोगा माड़ी के पुजारी अनिल कश्यप ने बताया कि गोगा माड़ी पर पिछले कई दिन से चल रहा मेला शांतिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है। दुकानदार साहिल, विरेंद्र, संदीप व गौरव ने बताया कि मेले में शुक्रवार को ग्राहकों ने दुकानों पर जमकर खरीददारी की।

प्रसाद के दुकानदारों रोहित, मुकेश व जसपाल ने बताया कि मेले में आधुनिकता के चलते इस बार ग्राहकों की कुछ कमी देखी गई है। मगर इसके बावजूद मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माड़ी में पूजा अर्चना की। मेले में प्रसाद बांटने के लिए लंबी कतारें लगी रही। इस दौरान मेले में आए कलाकारों ने गोगा, सबल सिंह बोरी, माता मदादन की महिमा का गुणगान किया। गोगा माड़ी के पुजारी अनिल कश्यप व बाबू कश्यप ने बताया कि जाहरवीर गोगा माडी मेला में शुक्रवार को भी हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गोगा माड़ी में पूजा अर्चना की। वहीं, मेले में दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश समेत आसपास के पहलवानों ने पहुंचकर कुश्ती में अपने जौहर दिखाए।

वितरित किया हलवे का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। गोगा माड़ी मेले में प्रसाद वितरित करते एसोसिएशन के सदस्य।

वेलफेयर एसोसिएशन रादौर द्वारा गोगा माड़ी मेले में हलवे के प्रसाद का भंडारा लगाया गया। एसोसिएशन के संरक्षक सुशील अग्रवाल व प्रधान भगवतदयाल कटारिया ने बताया कि मेले के उपलक्ष में व सभी की सुख शांति व भाईचारे की कामना को लेकर सभी सदस्यों ने प्रार्थना की है।

उन्होंने बताया कि एसोसिएशन समय समय पर समाजसेवा के कार्य करती रहती है। सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक सुशील अग्रवाल, प्रधान भगवतदयाल कटारिया, सचिव मास्टर गुरचरण सिंह, मास्टर प्रवेश कुमार, सुभाष चंद मट्टू, मुकेश अरोड़ा मक्की, रविंद्र शर्मा, डॉ. सतीश कांबोज व कमल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

वामपंथी पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग

केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

लोकतंत्र बचाने के लिए ज्ञानेश कुमार को पद से हटाना जरूरी

एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की भी उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। शहीद भगत सिंह चौक के नजदीक प्रदर्शन करते माकपा व भाकपा के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से शहर के शहीद भगत सिंह चौक के नजदीक प्रदर्शन कर मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाए जाने व एसआईआर प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाए जाने की मांग की। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान दोनों पार्टियों के नेताओं ने कहा कि देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए सीईसी ज्ञानेश कुमार को उनके पद से हटाना अनिवार्य हो गया है।

शुक्रवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) पार्टी व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता दोनों पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं प्यारे लाल तंवर व हरभजन सिंह संधू के नेतृत्व में शहर के शहीद भगत सिंह चौक के नजदीक एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक हाथों में स्लोगन लिखी पट्टिकाओं को हवा में लहराते हुए प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

ये रहे मौजूद

प्रदर्शन के दौरान मौके पर धर्मपाल चौहान, महीपाल चमरौडी, मान सिंह मंडेबर, राजबीर पिंडौरा, सोमनाथ, विजय पाल सिंह, सर्बती देवी, मिनाक्षी, वेदवती, संजय सिंह, फूल कुमार कांबोज, जोत सिंह रावत, सतपाल सैनी व यशपाल आदि मौजूद रहे।

मौके पर वामपंथी पार्टियों के नेताओं प्यारेलाल तंवर व हरभजन सिंह संधू ने कहा कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तुरंत पद से हटाया जाना जरूरी है। ताकि लोकतंत्र को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि देश में चल रहे एसआईआर की प्रक्रिया पर भी तुरंत रोक लगाई जानी चाहिए, क्योंकि एसआईआर की प्रक्रिया के चलते लोगों के मतों को काटा जा रहा है। जो लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए सभी वास्तविक मतदाताओं के नाम दोबारा शामिल किए जाने, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित 2023 के कानून को वापस लिए जाने, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन किए जाने व जनसंख्या कमेटी को रद्द किए जाने की मांग की। पार्टी नेता प्यारेलाल तंवर व हरभजन सिंह संधू ने देशभर में प्रदर्शनकारियों के साथ किए गए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है और कहा है कि सभी मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रखा जाएगा।



यमुनानगर। व्यासपुर अनाज मंडी में धान की नमी की जांच करते एसडीएम।

अनाज मंडियों में किसानों को न हो कोई दिक्कत : डॉ. कुलदीप

■ एसडीएम ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

व्यासपुर अनाज मंडी में एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण कर धान खरीद का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने धान की नमी और तोल की जांच की। मौके पर उन्होंने अधिकारियों को अनाज मंडी में किसानों को कोई परेशानी नहीं आने देने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले धान की नमी मापने वाली मशीन का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मंडी में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा खरीद प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार चले। एसीडएम ने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने किसानों से अनाज मंडी में अपनी धान की फसल को सूखाकर लाने का अनुरोध किया। ताकि धान खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने कहा कि मंडियों में खरीद, तौल और उठान प्रक्रिया पर लगातार नजर रखी जा रही है। ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। मंडी में किसानों की सुविधा और खरीद व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान मार्केट कमेटी व्यासपुर के चेयरमैन विपिन सिंगला, मंडी प्रधान संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

अनुपयोगी वस्तुओं को दोबारा उपयोग में लाने से संरक्षित होगा पर्यावरण

■ स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विष्णु गार्डन कॉलोनी में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। विष्णु गार्डन कॉलोनी में लोगों को संबोधित करतीं मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अभिश्रुति। फोटो : हरिभूमि

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रशासन द्वारा शहर की विष्णु गार्डन कॉलोनी में आरआरआर कॉन्सेप्ट और फोर बिन कचरा पृथक्करण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अभिश्रुति ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता एसबीएम एक्सपर्ट दुर्गेश कुमार ने की।

मुख्यातिथि ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को घर से ही कचरे का उचित पृथक्करण करने, उपयोगी वस्तुओं को फेंकने के बजाय उनके पुनः उपयोग व पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने के प्रति जागरूक करना रहा। उन्होंने बताया कि घरों में पड़े उपयोगी कपड़े, किताबें, खिलौने और अन्य सामान फेंकने के बजाय जरूरतमंदों तक पहुंचाए जा सकते हैं। उन्होंने गीले, सूखे, घरेलू हानिकारक और स्वच्छता संबंधी कचरे को अलग अलग रखने के लिए फोर बिन व्यवस्था अपनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अभिश्रुति ने कहा कि आरआरआर को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर कचरे की मात्रा को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अनुपयोगी समझी जाने वाली वस्तुओं को दोबारा उपयोग में लाना पर्यावरण संरक्षण के साथ संसाधनों की बचत भी है। उन्होंने नागरिकों से घर से ही कचरे का पृथक्करण करने और आरआरआर पहल में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। मौके पर पार्षद प्रियांक शर्मा ने स्वच्छता अभियान में जनभागीदारी को जरूरी बताते हुए नागरिकों से सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने कपड़े, किताबें, खिलौने व अन्य उपयोगी वस्तुएं आरआरआर पहल के तहत उपलब्ध कराईं।



आयुष्मान भारत और चिरायु योजना का जरूरतमंद परिवारों को मिल रहा लाभ

यमुनानगर। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने उक्त शब्द साढ़ौरा के सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहे। मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर, पगड़ी पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक रेणु बाला को भी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरुक किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने साढ़ौरा के लोगों को आश्वासन दिया कि इस क्षेत्र में रेलवे लाइन और रेलवे स्टेशन की मांग संबंधित स्तर पर उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सांसद निधि से साढौरा में स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि साढ़ौरा में 50 बिस्तरों के अस्पताल का निर्माण हो रहा है। जहां चिकित्सकों के आवास की व्यवस्था भी की जाएगी। कार्यक्रम के बाद सांसद कार्तिकेय शर्मा ने साढ़ौरा के लक्ष्मी नारायण मंदिर के निकट ही तोरा वाला तालाब पर स्वयं कस्सी चलाकर और कचरा हटाकर सफाई कार्य की शुरुआत की। मौके पर सांसद ने मुख्य बाजार में नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन भी किया। मौके पर नगर पालिका की चेयरपर्सन शालिनी शर्मा, एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह, मार्केट कमेटी के चेयरमैन नवीन भसीन, वाइस चेयरमैन दविंदर लवली, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरविंदर चौधरी व ऋषिपाल इंजीनियर आदि मौजूद रहे।

सफाई महाकुंभ में भाग लेकर शहर को बनाएं स्वच्छः प्रसाद

■ निगमायुक्त ने महाकुंभ स्थल के रूट मैप का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। सफाई महाकुंभ के रूट मैप की तैयारियों का जायजा लेते निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी द्वारा सात अक्तूबर को शहर के माडल टाउन में आयोजित किए जाने वाले हरियाणा सफाई महाकुंभ की तैयारियां युद्धस्तर पर शुरु कर दी गई हैं। इस संबंध में निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने अन्य अधिकारियों के साथ सफाई महाकुंभ स्थल के रुट मैप का निरीक्षण किया।

निगमायुक्त ने अधिकारियों के साथ सफाई महाकुंभ स्थल के मॉडल टाउन में नेहरू पार्क व दशहरा ग्राउंड समेत विभिन्न स्थानों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सफाई महाकुंभ अभियान में पांच हजार से अधिक लोग एक साथ भाग लेकर साफ सफाई करेंगे। उन्होंने बताया कि सफाई महाकुंभ अभियान के तहत नेहरू पार्क के आसपास की सभी गलियों व मुख्य मार्गों को साफ किया जाएगा। इसके लिए क्षेत्र को विभिन्न सेक्टरों में बांटा गया है। निगम आयुक्त ने बताया कि सफाई महाकुंभ प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित होगा। हर जिले में पांच पांच हजार से अधिक लोग एक साथ एक ही समय पर सफाई करेंगे। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लोगों के सफाई अभियान में शामिल होने का रिकॉर्ड दर्ज करने को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम मौके पर पहुंचेगी। निगमायुक्त ने नगरवासियों से महाकुंभ में भाग लेकर अपने शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मौके पर कार्यकारी अभियंता विकास धीमान, कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार, सहायक अभियंता मृणाल जैयसवाल, सुरेंद्र दहिया, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल, हरजीत सिंह, अमित कांबोज, गोविंद शर्मा, कनिष्ठ अभियंता अजय कुमार, अभिषेक व सफाई निरीक्षक प्रदीप दहिया आदि मौजूद रहें।



रक्तदान मानवता की सबसे महत्वपूर्ण सेवा: डॉ. सिंह

■ डीएवी कॉलेज साढ़ौरा में लगा रक्तदान शिविर

यमुनानगर। डीएवी कॉलेज साढौरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपमंडल अधिकारी (नागरिक) व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है और ऐसे समय में रक्तदाता का योगदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवनरक्षक साबित होता है। कहा कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान समाज के प्रति जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनाओं का परिचायक है। शिविर में चिकित्सकों द्वारा 79 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक स्वस्थ नागरिकों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वह नियमित रूप से रक्तदान करें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की छोटी सी पहल किसी जरूरतमंद के जीवन में बड़ी मदद साबित हो सकती है।

व्यासपुर में सेवा सेतु शिविर में लगे स्टालों का उपायुक्त प्रीति ने किया निरीक्षण

जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रहा सरकार की योजनाओं का लाभ

शिविर में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की निभाई गई रस्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। व्यासपुर में सेवा सेतु शिविर में स्टालों का निरीक्षण करतीं उपायुक्त।

सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हुए जरूरतमंद लोगों तक सहायता और जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। उक्त शब्द उपायुक्त प्रीति ने जिला प्रशासन व समाज कल्याण विभाग द्वारा व्यासपुर के एसडीएम कार्यालय के प्रांगण में आयोजित सेवा सेतु शिविर में मुख्यातिथि के रुप में भाग लेने के दौरान कहे। मौके पर उपायुक्त प्रीति ने सेवा सेतु शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान देश व प्रदेश में 17 अक्तूबर तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सरकार के सभी विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। ताकि लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि व्यासपुर में आयोजित सेवा सेतु शिविर में लोगों को सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजनाएं दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना व अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के बारे विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने सेवा सेतु शिविर में आई पोषण अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिला की गोद भराई की रस्म उपायुक्त द्वारा भी निभाई गई। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के तहत देश व प्रदेश में सरकार की योजनाओं की जानकारी देनेके साथ साथ रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, आत्मनिर्भर भारत, पेंटिंग प्रतियोगिता, प्रबुद्ध सम्मेलन, हेल्थ चेकअप व मैराथन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसमें सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे सेवा संकल्प अभियान से जुड़कर समाजहित के कार्यों में अपनी सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह, डीएसपी रमेश कुमार, तहसीलदार रविन्द्र कुमार, बीडीपीओ शबनम व सीडीपीओ किरण बाला आदि मौजूद रहे।

श्रीकपालमोचन मेले की तैयारियां करें पूरी : डीसी



यमुनानगर। श्री कपालमोचन में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मेले को भव्य रुप से आयोजित करवाने को लेकर प्रशासन द्वारा इंतजाम किए जा रहे हैं। इस संबंध में उपायुक्त प्रीति ने अधिकारियों के साथ मेला स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को श्री कपालमोचन मेले को भव्य रुप से आयोजित करने व श्रद्धालुओं के लिए सभी इंतजाम समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस बार श्रीकपालमोचन मेले का आयोजन 20 से 24 नवंबर तक होगा। इस मौके पर गऊ बच्चा घाट पर प्रसिद्ध मंदिर के पुजारी ने गुरु गोविंद सिंह हुकमनामा वर्ष 1736 व 1745 को पढ़कर सुनाया और उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह, छछरौली एसडीएम जसपाल सिंह गिल, बीडीपीओ शबनम आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



भागवत कथा से मिलती है भक्ति की सीख

पिहोवा। श्रीअनंत प्रेम आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन राम जन्म एवं कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। व्यास पीठ से संत प्रेम साधनानंद नंद द्वारा भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का वर्णन, भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया गया। कथा में मुख्य यजमान के रूप में समाजसेविका सुमित्रा रानी, सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड हरियाणा के सदस्य रामधारी शर्मा, समाजसेवी डॉ. राजेंद्र मंगला, डॉ. संदीप तिवारी, मां सरस्वती अन्नपूर्णा भंडारा सेवा समिति के अग्रणी सेवादार रोशन लाल गर्ग, हैप्पी शर्मा, विनोद डोलिया, भजन गायक सुभाष अग्रवाल, धर्मपाल बैरागी सहित अनेक प्रतिष्ठित जनों ने आरती की और संतों का आशीर्वाद लिया।

छात्रावास में स्वच्छता अभियान चलाया

थानेसर। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के दूसरे दिन शुक्रवार को महिला एवं पुरुष छात्रावास में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान की अगुवाई में संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, एनएसएस संयोजक डॉ. शंभू दयाल सहित विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस दौरान छात्रावास परिसर, आसपास के क्षेत्रों तथा सार्वजनिक स्थानों की सफाई की गई।

योगाभ्यास, भजन से मनाया 60वां योग दिवस

कुरुक्षेत्र। भारतीय योग संस्थान का 60वां योग दिवस बुधवार को जिलेभर के निशुल्क योग साधना केंद्रों पर श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। वर्ष 1967 से प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को योग दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास, भजन-गीत और योग जनचेतना यात्राओं के माध्यम से लोगों को योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कुरुक्षेत्र के सेक्टर-5 स्थित शिव मंदिर में अर्जुन योग जिला की ओर से सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। इसके बाद भजन-गीत और योग चेतना यात्रा का आयोजन हुआ।

गांधी-शास्त्री जयंती पर जिलेभर में हुए कार्यक्रम, महापुरुषों को किया नमन

गांधी और शास्त्री के विचार आज भी करते हैं मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों में दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया। इस दौरान विद्यार्थियों और आमजन को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा देशहित में जिम्मेदारी निभाने का संकल्प भी दिलाया गया। विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान, प्रभात फेरी, विचार गोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वक्ताओं ने कहा कि गांधी और शास्त्री के विचार आज भी समाज और युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करते हैं। वहीं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शुक्रवार को



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर विश्वविद्यालय के श्रीमद भगवद गीता सदन के प्रांगण में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट प्रो. वीरेन्द्र पाल व विश्वविद्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने महात्मा गांधी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

2 अक्टूबर का दिन रखता है महत्व

इस मौके पर कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन हर भारतवासी के लिए महत्व रखता है। इस मौके पर सभी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी, प्रॉक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. जसबीर सिंह, कुटा प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, प्रो. कुसुमलता, मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. आनंद कुमार, प्रो. परमेश कुमार, डॉ. निधि माथुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

गांधी के विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान



कुरुक्षेत्र। दयानंद महिला महाविद्यालय में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में पुस्तकालय परिषद, इतिहास परिषद एवं राजनीति शास्त्र परिषद के संयुक्त तत्वावधान में स्वयं को प्रेरित करें प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महात्मा गांधी के जीवन, विचारों एवं आदर्शों से प्रेरणा लेने तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता में छात्राओं ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन, स्वच्छता, सादगी और राष्ट्रसेवा जैसे मूल्यों को वर्तमान संदर्भ से जोड़ते हुए प्रेरणादायक लेख प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों की 73 छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्या डॉ. उपासना आहूजा ने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को केवल पढ़ने तक सीमित न रखकर व्यवहार और जीवन में अपनाने का प्रयास करना चाहिए। कुमकुम ने प्रथम, सीया व शिवानी ने द्वितीय तथा भावना व प्रांजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कशिश, ऐश्वर्या व साक्षी को सांत्वना पुरस्कार मिला। निर्णायक मंडल में डॉ. पूजा, डॉ. आरती अग्रवाल व डॉ. रूकमेश शामिल रहे।

कर्तव्य के मार्ग पर चलने का संकल्प ही महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि : गुप्ता

कुरुक्षेत्र। गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने दोनों महान विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन देश और समाज के लिए आज भी प्रेरणा का स्रोत है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, सादगी और मानवता को अपने जीवन का आधार बनाया। सत्य के प्रति निष्ठा, अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदारी, जरूरतमंद के प्रति संवेदनशीलता और समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान की भावना एक बेहतर समाज की बुनियाद है।



गांधी जयंती के उपलक्ष्य में ब्रह्मसरोवर पर चला महा-स्वच्छता अभियान



कुरुक्षेत्र। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भारत स्वच्छ और स्वस्थ बने रहने का सपना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उसी सपने को सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से साकार कर रहे हैं। स्वच्छता केवल कर्मचारियों की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। जैसे हम अपने घर को साफ रखते हैं, वैसे ही हमें अपने तीर्थों और सार्वजनिक स्थलों को भी साफ रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र पूरे विश्व के हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। यहां लाखों श्रद्धालु आते हैं। इसकी स्वच्छता हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शुक्रवार को पवित्र ब्रह्मसरोवर पर जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर आयोजित विशाल स्वच्छता अभियान में बोल रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सहित अभियान में पहुंचे सभी अतिथियों ने स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर ब्रह्मसरोवर के घाटों, मार्ग और आसपास के ग्रीन बेल्ट में सफाई की और आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया।

जिन्दल हाउस में महात्मा गांधी और शास्त्री को पुष्पांजलि की अर्पित



कुरुक्षेत्र। सांसद नवीन जिन्दल ने गांधी जयंती के अवसर पर देशवासियों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को अपने दैनिक जीवन में उतारने का संदेश दिया। उन्होंने वीडियो संदेश जारी कर महात्मा गांधी को नमन किया और उनके स्वदेशी, आत्मनिर्भरता तथा कौशल आधारित समाज के विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया। इधर, सांसद नवीन जिन्दल के कुरुक्षेत्र स्थित कार्यालय जिन्दल हाउस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यालय में उपस्थित लोगों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कृष्ण लाल शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी भाजपा, थानेसर हल्का प्रभारी बलविंद्र सिंह, शाहाबाद हल्का प्रभारी अजैब सिंह, पिहोवा हल्का प्रभारी जीतराम, भूषण मंगला, डॉ. राज कुमार, ओम प्रकाश, ज्ञानचंद पूर्व सरपंच, अशोक कुमार, सुभाष बारना, हरिराम और अंकित गर्ग सहित अन्य उपस्थित व्यक्तियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों पर चलने का संकल्प

जिला कांग्रेस ने मनाई महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



कुरुक्षेत्र। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला अध्यक्ष मेवा सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में शाहाबाद विधायक रामकरण काला सहित कांग्रेस के पदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का पूरा जीवन देशसेवा और जनसेवा को समर्पित रहा। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए देशवासियों को एकजुट किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस नेता हिमांशु अरोड़ा, विवेक भारद्वाज डब्बू, पवन चौधरी, संजीव भूखड़ी, रीना वाल्मीकि, राहुल, दीपू बारना, चंद्रभान वाल्मीकि, राजेश बंसल, अशोक कुमार, गौरव, सुरजीत पलवल, नवीन शर्मा, आरके नैन आदि मौजूद रहे।

गांधीजी के अनुसार सत्य ही ईश्वर और अहिंसा उसकी प्राप्ति का मार्ग है : मिश्र



कुरुक्षेत्र। महात्मा गांधी का सामाजिक चिंतन सत्य, अहिंसा, नैतिकता और सर्वोदय पर आधारित एक ऐसा व्यावहारिक दर्शन है जो शोषण मुक्त और समतावादी समाज की स्थापना पर बल देता है। गांधीजी के अनुसार सत्य ही ईश्वर है और अहिंसा उसकी प्राप्ति का मार्ग है। समाज में किसी भी प्रकार का विवाद या सुधार बल प्रयोग से नहीं बल्कि नैतिक बल और अहिंसा से ही संभव है। यह विचार महात्मा गांधी की जयंती एवं अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित अहिंसा संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना से हुआ। अहिंसा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा गांधीजी का मानना था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है।

गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया पौधरोपण



कुरुक्षेत्र। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के मार्गदर्शन पर प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। इससे पूर्व कुरुक्षेत्र के रेलवे रोड़ पर स्थित गांधी पार्क में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गान्धी को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर अग्रवाल वैश्य समाज की युवा टीम के सदस्यों के साथ प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला के साथ अन्य सदस्यों व पदाधिकारियों ने श्रद्धा के साथ माल्यार्पण करने के साथ पौधारोपण भी किया। समाज के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर हर वर्ष स्वच्छता अभियान चलाया जाता है तथा पौधरोपण किया जाता है।

महात्मा गांधी के संबंध में आपत्तिजनक सोशल मीडिया सामग्री पर रोक की मांग



थानेसर। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही आपत्तिजनक, अपमानजनक, अशोभनीय एवं भ्रामक सामग्री पर प्रभावी रोक लगाने तथा ऐसी सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की ओर से कुरुक्षेत्र के उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा को ज्ञापन भेजा गया। कुरुक्षेत्र में प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि संस्था के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा है कि महात्मा गांधी जी ने सत्य, अहिंसा, शांति, सद्भाव और सामाजिक एकता के मूल्यों के माध्यम से देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने कहा कि सोशल मीडिया की व्यापक पहुंच को देखते हुए भ्रामक एवं अपमानजनक पोस्ट, वीडियो और चित्रों के प्रसार पर प्रभावी निगरानी आवश्यक है।

धान खरीद में सरकार विफलः जसबीर



लाडवा। कांग्रेसी नेता एवं जिला परिषद सदस्य जसबीर पंजेटा ने कहा कि मौजूदा सरकार किसानों का धान खरीद करने में पूरी तरह से असफल साबित हो रही है। किसानों को आज मंडियों में अपनी धान बेचने के लिए धरने प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ रहा है और सरकार किसानों को एक-एक दाना खरीदने के झूठे वायदे कर गुमराह करने का काम कर रही है। सरकार ने किसानों को पोर्टल में उलझाकर रख दिया है। जसबीर पंजेटा शुक्रवार को लाडवा नपा कार्यालय परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने महात्मा गांधी के जीवन, विचारों और देश की आजादी के लिए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने सरकार से मांग की कि पोर्टल में फसल संबंधी मिसमैच को तुरंत ठीक किया जाए तथा जिन किसानों के गेट पास नहीं कट रहे हैं, उनकी समस्या का समाधान किया जाए।

ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं: धर्मपाल चौधरी

कुरुक्षेत्र। गांव मिजार्पुर में आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट में जिला परिषद कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी ने बतौर अतिथि शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।



धर्मपाल चौधरी ने कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बच्चों और युवाओं में खेलों के प्रति जुनून, मेहनत और समर्पण देखने को मिलता है। ऐसी प्रतिभाओं को उचित मंच और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करवाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गीता निकेतन की छात्राओं ने किया शैक्षिक और सांस्कृतिक भ्रमण



कुरुक्षेत्र। विद्या भारती द्वारा संचालित गीता निकेतन विद्या मंदिर, सेक्टर-3 में बालिका शिक्षा आयाम के अंतर्गत कक्षा षष्ठम से अष्टम तक की छात्राओं के लिए 'सरस्वती यात्रा' - एक शैक्षिक व सांस्कृतिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्या भारती में इस यात्रा का विशेष महत्व है, जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं का सर्वांगीण विकास कर उन्हें समाज व राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस शैक्षिक भ्रमण का नेतृत्व एवं संचालन बालिका शिक्षा प्रमुख पूनम शर्मा द्वारा किया गया। इस बार सरस्वती यात्रा को विशेष रूप से सेवा और संवेदना से जोड़ा गया, जिसके तहत छात्राओं ने स्थानीय गौशाला एवं प्रेरणा वृद्ध आश्रम का भ्रमण किया।

बीएड में सरदार चानन सिंह घुम्मन कॉलेज के विद्यार्थियों का शानदार परीक्षा परिणाम



शाहबाद। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा बी.एड. प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सरदार चानन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार परिणाम प्राप्त किया। कॉलेज के सभी 97 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्थान का नाम रोशन किया। कॉलेज की छात्रा तनिशा गुप्ता ने 650 में से 462 अंक (71.07 प्रतिशत) प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। आशिता सूरी ने 454 अंक (69.84 प्रतिशत) के साथ द्वितीय तथा खुशी सांगवान ने 446 अंक (68.61 प्रतिशत) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के कुल 40 विद्यार्थियों ने 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 20 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

श्राद्ध पक्ष में पितरों के निमित्त श्रद्धालुओं ने सरस्वती तीर्थ पर किया पिंडदान



पिहोवा। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से 10 अक्टूबर अमावस्या तक चल रहे श्राद्ध पक्ष में देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पिहोवा स्थित सरस्वती तीर्थ पहुंचे। श्रद्धालुओं ने सरस्वती सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर अपने पितरों की आत्मिक शांति के लिए पिंडदान, तर्पण एवं अन्य धार्मिक कर्मकांड संपन्न किए। कर्मकांड के बाद श्रद्धालुओं ने प्रेत पीपल पर जल अर्पित किया और कच्चा सूत बांधा। धार्मिक मान्यता के अनुसार प्रेत पीपल पर कच्चा सूत बांधने से नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव दूर रहता है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने अपने पितरों के निमित्त स्वामी कार्तिकेय मंदिर में तेल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। श्री दक्षिणा काली पीठ के व्यवस्थापक स्वामी खटवांग पुरी ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पिहोवा के पावन तीर्थ पर किए गए पाप-पुण्य का 13 गुणा फल प्राप्त होता है। इसी आस्था के चलते श्राद्ध पक्ष में बड़ी संख्या में श्रद्धालु तीर्थ पर पहुंचकर विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना कर अपने पितरों की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालु भिक्षुकों एवं जरूरतमंद लोगों को अपनी श्रद्धानुसार दान देकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। माता बगलामुखी मंदिर धनीरामपुरा के अग्रणी सेवादार एवं सरपंच विकल कुमार चौबे ने बताया कि श्राद्ध पक्ष के दौरान तीर्थ पर पहुंचने वाले श्रद्धालु पंडितों के माध्यम से पिंडदान सहित विभिन्न धार्मिक कर्मकांड करवाते हैं।

समस्या तीनों पक्ष अपने-अपने दावे पर कायम, किसान परेशान; कुछ किसान चीका मंडी का कर रहे रुख

पिहोवा मंडी में धान खरीद को लेकर किसान मिलर आमने-सामने, असमंजस बरकरार

आज होने वाली राइस मिलरों की बैठक पर सभी की निगाहें

अभिषेक पूर्णिमा ▶▶| पिहोवा

अनाज मंडी में धान की खरीद को लेकर किसान यूनियन और राइस मिलरों के बीच बनी उलझन अभी भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। किसान, आढ़ती और राइस मिलर अपने-अपने पक्ष पर कायम हैं, जिसके चलते मंडी में धान की खरीद व्यवस्था को लेकर किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। दूसरी ओर, प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि किसानों के साथ बातचीत सकारात्मक रही है और जल्द ही खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी। किसान नेता प्रिंस वड़ैच ने बताया कि शुक्रवार सुबह



आढ़तियों के साथ बैठक हुई थी, जिसमें राइस मिलरों को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन राइस मिलर बैठक में शामिल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि किसानों की स्पष्ट मांग है कि 17 प्रतिशत नमी वाली धान की ढेरी को निर्धारित सरकारी समर्थन मूल्य पर बिना किसी अनावश्यक कट के खरीदा जाए। उन्होंने कहा कि इससे कम किसी भी शर्त को किसान स्वीकार नहीं करेंगे। यदि 17 प्रतिशत से अधिक नमी वाली धान की ढेरी के मामले में किसान, आढ़ती और राइस मिलर आपसी सहमति से कोई निर्णय लेते हैं तो किसान यूनियन को उस पर कोई आपत्ति नहीं होगी, लेकिन अनावश्यक कट किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। फिलहाल तीनों पक्षों की ओर से अपने-अपने दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीन पर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है। इस असमंजस का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। मंडी में पड़ी धान की फसल लगातार खराब होने की चिंता किसानों को सता रही है। कुछ किसान मजबूरी में अपनी धान की ट्रालियां लेकर चीका मंडी का रुख कर रहे हैं, जहां उनके अनुसार खरीद कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

बैठक में होगा फैसला

अब सभी की निगाहें शनिवार सुबह होने वाली राइस मिलरों की बैठक और इसके बाद होने वाले फैसले पर टिकी हैं। आने वाला दिन पिहोवा मंडी में धान खरीद को लेकर क्या तस्वीर सामने लाएगा, यह बैठक के बाद ही स्पष्ट होगा। फिलहाल किसान, आढ़ती और राइस मिलर तीनों ही इस उलझन के कारण परेशान हैं और चाहते हैं कि बातचीत के माध्यम से जल्द से जल्द कोई व्यावहारिक समाधान निकले। मार्केट कमेटी के सचिव चंद्र सिंह और डीएफसी इंस्पेक्टर सज्जन मान ने बताया कि किसानों के साथ उनकी बातचीत सकारात्मक रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही खरीद कार्य शुरू कर दिया जाएगा और व्यवस्था सामान्य हो जाएगी। मार्केट कमेटी के अध्यक्ष तरुणदीप वड़ैच ने बताया कि मामला लगभग सुलझ चुका है। किसानों और राइस मिलरों के साथ बातचीत की जा चुकी है तथा 3 अक्टूबर की सुबह 11 बजे से धान की खरीद शुरू करने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि खरीद प्रक्रिया में सरकारी एजेंसियां भी भाग लेंगी और राइस मिलर भी इसमें शामिल होंगे। दूसरी ओर, पिहोवा राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रधान सतीश सैनी ने कहा कि अभी मामला पूरी तरह से सुलझा नहीं है। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह सभी राइस मिलरों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें पूरे मामले पर विचार-विमर्श कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। बैठक में जो निर्णय लिया जाएगा, उसकी जानकारी सभी संबंधित पक्षों के साथ साझा की जाएगी।

खबर संक्षेप

बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना महेशनगर पुलिस ने पेट्रोल पंप जीटी रोड के पास से बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही संजीव कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता भूपिंद्र सिंह ने 1 अक्तूबर 2026 को शिकायत दी थी कि 29 सितंबर 2026 को आरोपी ने पेट्रोल पंप के पास से उसकी बाइक चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अब आरोपी को काबू किया है। उसके कब्जे से चोरीशुदा बाइक भी जब्त की गई है। आरोपी की पहचान आशीष उर्फ प्रिंस उर्फ गोलू निवासी गांव रामगढ़ के तौर पर हुई है।

चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। चौकी हाउसिंग बोर्ड की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए नाकाबंदी के दौरान वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी की पहचान दीपक निवासी गांव समालखा, के रूप में हुई है। अनुसंधान अधिकारी परमजीत सिंह ने जानकारी दी कि नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान आरोपी दीपक को मोटरसाइकिल के साथ रोका गया। वाहन के कागजात मांगने पर आरोपी कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। सख्ती से पूछताछ करने पर यह खुलासा हुआ कि आरोपी द्वारा चलाई जा रही यह मोटरसाइकिल साहा क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुख्ता सबूत मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

रक्तदान शिविर का आयोजन आज

अंबाला। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और उनके 25 वर्ष जनसेवा समर्पण के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा संकल्प/सेवा सेतु अभियान के तहत 17 अक्टूबर 2026 तक अंबाला छावनी में विभिन्न सेवा प्रकल्पों का आयोजन किया जा रहा है। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि इसी क्रम में 3 अक्टूबर को दलीपगढ़ स्थित कम्यूनिटी सेंटर निकट राजकीय स्कूल में प्रातः 10 से 4:00 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

13 ग्राम हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। एंटी-नारकोटिक्स सैल टीम ने नशीले पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए 13 ग्राम हेरोइन तस्करी मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएनसी प्रभारी उप निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि थाना अंबाला छावनी में दर्ज नशा तस्करी के एक मामले में कड़ी कार्रवाई की थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने इंदिरा पार्क के नजदीक से एक्टिवा सवार आरोपी गुलशन सोनकर उर्फ शुभम को 13 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। रिमांड के दौरान मुख्य आरोपी गुलशन सोनकर से की गई गहन पूछताछ में एक अन्य तस्कर का नाम सामने आया। एएनसी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुलशन की निशानदेही पर मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी विक्की को भी धर दबोचा है।अब आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

बेटियों को उच्च शिक्षा दिलवाएं परिजन, जीवन में आगे बढ़ने के लिए करें प्रेरित सभी से आपसी प्रेम, भाईचारे और एकजुटता के साथ रहने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭शहजादपुर

सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को गांव गणेशपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग मनीषा ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला प्रधान बीनू गर्ग भी मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान विभाग की ओर से प्ले स्कूल, रेसिपी तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में उपलब्ध करवाई जाने वाली खाद्य सामग्री से संबंधित स्टॉल लगाए गए। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया

गणेशपुर के आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित किया आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना लक्ष्य

इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा केंद्र में सिखाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. पवन सैनी ने उन्हें पुरस्कृत किया। सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्तूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देना तथा पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं, बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण और विकास से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं को जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि परिवार और समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वे बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाएं और उनकी रूची के अनुसार उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी लोगों को आपसी प्रेम, भाईचारे और एकजुटता के साथ रहने के लिए प्रेरित किया।



शहजादपुर। मिलन सेवा कार्यक्रम में बच्चों के साथ पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

पात्रों को मिले योजनाओं का लाभ

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष बीनू गर्ग ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर पात्र परिवारों तक इनका लाभ पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों, स्वास्थ्य, पोषण और बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से आपसी सहयोग एवं एकजुटता के साथ आगे बढने का आह्वान किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनीषा ने महिलाओं एवं बच्चों के हित में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आपकी बेटी हमारी बेटी योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व वंदना योजना तथा पोषण अभियान सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कड़ासन मंडल प्रधान हरजिंदर पाल, महिला मोर्चा देवी नगर की प्रधान पिंकी शर्मा, सतीश कुमार, सरपंच बालक राम, पूर्व सरपंच जंग बहादुर, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अरविंदर कौर एवं सुमन, सर्कल सुपरवाइजर मनप्रीत कौर, अरविंद्र कौर, अनुरानी, प्ले स्कूल कोऑर्डिनेटर मनीषा देवी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और ग्रामवासी मौजूद रहे।

1.30 करोड़ की विकास योजनाओं का किया शुभारंभ एवं शिलान्यास

गांधी जयंती पर मेगा स्वच्छता अभियान का आगाज, पूर्व मंत्री ने लगाई झाड़ू

- बोले-राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का दिया था संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अंबाला शहर के सेक्टर-7से मेगा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों एवं स्वच्छता सेनानियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया तथा स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में करीब 1.30 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का उदघाटन एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही एक शौचालय का लोकार्पण भी किया गया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर सैक्टर वासियों ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का संदेश दिया था। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता को जन आंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प लिया था। इसी संकल्प को आगे बढ़ाते हुए देशभर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है और समाज के प्रत्येक वर्ग की इसमें भागीदारी सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के दौरान प्रत्येक कार्यकर्ता ने यह संकल्प लिया है कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 7 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं।





अंबाला। अभियान के दौरान सफाई करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व स्वच्छता सेनानियों को प्रशंसा पत्र देते हुए। फोटो: हरिभूमि

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर निगम सदस्य मनीष आनंद मन्नी, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, निगम सदस्य विशाल राणा, वीरेंद्र नाथ, राजेश मेहता, मोनिका मल, गुरप्रीत शाना, हितेष जैन, मुकेश शर्मा, यतिन बंसल, बीनू गर्ग, कमल गुप्ता, संजीव गोयल टोनी, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा, अमन सूद, चेयरमैन जसविंद्र सिंह , योगेश साहनी, यशपाल, प्रदीप गुप्ता, अभिषेक सहोता, सुरेंद्र घई, जय गोपाल व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी

उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी प्रतिदिन शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इनके निरंतर परिश्रम के कारण शहर की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनी रहती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से अंबाला शहर में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए अनेक विकास परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में सेक्टर-7, वार्ड नंबर-12 में करीब 1.30 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है।



अंबाला। प्रभातफेरी में शामिल कांग्रेसी। फोटो: हरिभूमि

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर निकाली प्रभातफेरी

- सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सद्भाव और राष्ट्रसेवा के गांधीवादी विचारों का किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती को लेकर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभातफेरी सुबह छह बजे से अंबाला शहर के हर्बल पार्क से शुरू होकर पुराने सिविल अस्पताल स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जाकर समाप्त हुई। प्रभातफेरी में शामिल सभी कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता को नमन करते हुए देश की आजादी में उनके योगदान को याद किया। प्रभातफेरी में मुख्य तौर पर सांसद वरुण चौधरी शामिल हुए। इसके अलावा शहरी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने भी प्रभातफेरी में हिस्सेदारी की। प्रभात फेरी के माध्यम से सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सद्भाव और राष्ट्रसेवा के गांधीवादी विचारों* को स्मरण किया गया। इसके पश्चात पुराने सिविल अस्पताल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की गई। साथ ही महात्मा गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और समाज में भाईचारा, सद्भाव एवं सेवा की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। कांग्रेसियों ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन हमें सत्य, अहिंसा और जनसेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके विचार और आदर्श सदैव समाज एवं राष्ट्र का मार्गदर्शन करते रहेंगे। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के सभी मुख्य पदाधिकारी भी प्रभातफेरी में मौजूद रहे।

चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला शहर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए लोहे के गार्डर चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता हरमिंद्र सिंह निवासी रामपुरा मोहल्ला ने 1 अक्तूबर 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपी कर्ण ने लोहे के दो गार्डर चोरी किए है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अब आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा लोहे के गार्डर व वारदात में प्रयुक्त साइकिल रिक्शा भी बरामद कर ली है।

भारत को बनाएं सशक्त राष्ट्र: धामी

- नमो क्रिकेट लीग में खिलाड़ियों से मिले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री; बल्ला थामकर बोले- हाथ में बल्ला ले बचपन याद आया, अभी तो युवा हूं और खेलना चाहता हूं

हरिभूमि न्यूज ⏭पंचकूला

ताऊ देवी लाल क्रिकेट स्टेडियम में चल रही नमो क्रिकेट लीग में शुक्रवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया और मैदान पर बल्ला थामकर क्रिकेट में भी हाथ आजमाया। बल्ला हाथ में आते ही धामी ने कहा कि इससे उन्हें अपना बचपन याद आ गया और उनका मन काफी देर तक खेलने का करने लगा।धामी ने खिलाड़ियों से कहा कि 'नशे को ना, खेल को हां' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। कहा कि 'खेलोगे-कूदोगे तो बनोगे लाजवाब' के नारे को अब हकीकत में बदलना होगा। युवाओं की ऊर्जा नशे में नहीं, बल्कि खेल, रचनात्मकता और राष्ट्र निर्माण में लगनी चाहिए।उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में कोई हारता नहीं है। जीतने वाला सफलता हासिल करता है, जबकि हारने वाला अनुभव और सीख लेकर आगे बढ़ता है। खिलाड़ियों को पूरी लगन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ना चाहिए।धामी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और हरियाणा में तो खेल युवाओं की जीवनशैली का हिस्सा रहा है। हाल में कामवेल्थ खेलों सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भारतीय विशेषतया हरियाणा के खिलाड़ियों ने देश का गौरव बढ़ाया है।उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से भारत को सशक्त राष्ट्र बनाना समय की मांग है।



नुक्कड़ नाटक से एड्स के प्रति किया जागरूक

- डीएवी कॉलेज में रेड रिबन क्लब की ओर से नाटक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में रेड रिबन क्लब की ओर से एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एचआईवी संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों, जांच तथा समय पर उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. गरिमा सुमरान ने विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स से जुड़ी भ्रांतियों से बचने, एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव न करने तथा नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सही जानकारी और जागरूकता ही एचआईवी संक्रमण की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में शिव शक्ति कला मंच, कुरुक्षेत्र के कलाकारों ने गुलाब सिंह के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।



अंबाला। नाटक के जरिए एचआईवी के प्रति छात्रों को जागरुक करते कलाकार।

ये रहे मौजूद

प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. आरएस परमार ने शिव शक्ति कला मंच कुरुक्षेत्र से आए कलाकारों का स्वागत किया। परमार ने कहा कि वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी देकर हम विद्यार्थियों को जागरूक बना सकते हैं और समाज में भी सही संदेश पहुंचा सकते हैं। कार्यक्रम में उपप्राचार्या डॉ. रेखा शर्मा, रेड रिबन क्लब सदस्य डॉ. प्रियंका चौधरी, प्रोफेसर मोनिका शर्मा, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. भूपेंद्र सिंह, शिवानी डावर, डॉ. सुखदेव सिंह, हिमांशु शर्मा, आईसीटीसी काउंसलर मनीषा व अन्य उपस्थित रहे।

पंचकूला के उपभोक्ताओं की 06 अक्टूबर को बिजली सम्बन्धी शिकायतों की होगी सुनवाई

पंचकूला। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम सर्कल फोरम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही 06 अक्टूबर, को सुबह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय, एससीओ नंबर – 96 प्रथम तल, सेक्टर-5, पंचकूला में की जाएगी। इस दौरान केवल पंचकूला जिला के उपभोक्ताओं से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। मंच के सदस्य, पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे जिनमें मुख्यतः बिलिंग, वोल्टेज, मीटरिंग से सम्बंधित शिकायतें, कनैक्शन काटने और जोड़ने बिजली आपूर्ति में बाधाएं, कार्यकुशलता, सुरक्षा, बिजली विनियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना आदि शामिल हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

निरीक्षण विधायक ने मंडियों का मुआयना कर सरकार की व्यवस्थाओं पर उठाए सवाल

प्रति एकड़ धान की सीमा को बढ़ाए राज्य सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭बराड़ा

विधायक पूजा चौधरी ने शुक्रवार को साहा, केसरी और मोहड़ा अनाज मंडियों का दौरा कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों और आढ़तियों से मुलाकात कर फसल की आवक, खरीद प्रक्रिया, गेट पास, पोर्टल पर फसल सत्यापन, धान सुखाने, तोल और उठान की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। विधायक पूजा ने कहा कि मंडियों में किसानों की धान की फसल पहुंच रही है लेकिन पोर्टल पर फसल सत्यापन और गेट पास से जुड़ी समस्याओं के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर किसानों की फसल का दाना-दाना खरीदने का दावा करती है। दूसरी ओर खरीद प्रक्रिया में ऐसी शर्तें लागू की जा रही हैं जिससे किसानों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल धान की खरीद सीमा 33 क्विंटल प्रति एकड़ थी जबकि इस बार इसे घटाकर 26 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि खरीद की निर्धारित सीमा बढ़ाई जाए और किसानों की पूरी योग्य उपज की खरीद सुनिश्चित की जाए।



बराड़ा। अनाज मंडी का निरीक्षण करते हुए विधायक पूजा। फोटो: हरिभूमि

पर्याप्त स्थान नहीं

विधायक ने कहा कि किसानों को अपने जिले से बाहर फसल बेचने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि किसी दूसरी मंडी में व्यवस्था बेहतर है या वहां भीड़ कम है तो किसानों को अपनी फसल वहां बेचने का विकल्प मिलना चाहिए। उन्होंने मंडियों में धान सुखाने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को मंडियों के बाहर निर्धारित नियमों के तहत फसल सुखाने और तोल करवाने की अनुमति दी जानी चाहिए, जिससे मंडियों में भीड़ कम होगी और किसानों को राहत मिलेगी। पूजा ने कहा कि किसान पहले ही बढ़ती कृषि लागत, मौसम और खेती से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में सरकार को खरीद प्रक्रिया को सरल बनाकर किसानों की सुविधा के अनुरूप व्यवस्था करनी चाहिए।

चार हजार के कूपन के लालच में 1.12 लाख का चूना लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला

क्रेडिट कार्ड के जरिए ठग ने उपभोक्ता से की धोखाधड़ी

फर्जी बैंक कर्मचारी बनकर क्रेडिट कार्ड से 1.12 लाख रुपए की ठगी हो गई। आरोपी ने खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताया। आरोपी ने क्रेडिट कार्ड पर मिले करीब 4 हजार रुपए के कूपन को रिडीम कराने का झांसा दिया था। इसके बाद पीड़ित को एक्सिस बैंक जैसी दिखने वाली फर्जी वेबसाइट का लिंक भेजकर कार्ड की जानकारी भरवाई। जानकारी मिलते ही आरोपी ने पहले 72 हजार 377.70 रुपए की ट्रांजेक्शन कर ली। रकम वापस आने का भरोसा देकर अगले दिन दोबारा कार्ड नंबर और सीवीवी की जानकारी ली और 40 हजार रुपए के 3 और ट्रांजेक्शन कर दीं। कुल 1,12,337.05 रुपए की ठगी हुई। इंद्रपुरी कॉलोनी के पीयूष प्ररुथी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह डीजे का काम करता है। 21 सितंबर की शाम करीब 5 बजे उसके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एक्सिस बैंक का कर्मचारी बताया और कहा कि उसके क्रेडिट कार्ड पर करीब 4 हजार रुपए का कूपन आया है। उसे रिडीम कराने के लिए आरोपी ने एक लिंक भेजा था।